Regarding setting up of an AIIMS in Solapur, Maharashtra-laid

डॉ**.** जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी **(**शोलापुर**):** सोलापुर शहर एक वस्त्र उद्योग एवं तीर्थ नगरी के रूप में समुचे देश में सुप्रसिद्ध है । यह शहर कर्नाटक, आंध्र, तेलंगाना राज्य से सटा हुआ है । दक्षिण भारत प्रवेश का महाद्वार के रूप में जाना जाता है । सोलापुर वस्त्र उद्योग नगरी होने के कारण कुशल बशर्ते मध्यम वर्गीय परिवार की संख्या अधिक है ।

कर्नाटक, आंध्र प्रदेश से सटा हुआ होने के कारण इन राज्यों के हजारों मरीज वैद्यकीय उपचारों के लिए सोलापुर में आते हैं । मध्यम वर्गीय परिवार होने के कारण अधिक पैसा खर्च करना संभव नही होता, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते हैं । यदि सोलापुर में एम्स का निर्माण होता है तो महाराष्ट्र के लातूर, उस्मानाबाद शहर के साथ ही साथ कर्नाटक आंध्र और तेलंगाना राज्य के मरीजों के भी इसका लाभ मिल जाएगा । अत: माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूं कि मेरे संसद क्षेत्र सोलापुर शहर में एम्स का निर्माण करे और गरीब मजदूर लोगों को उचित सुविधा देने की कृपा करें ।